## कार चोरी का अनोखा मामला आया सामने

जापान,(**आरएनएस**)। जापान के एक शहर में चोर के साथ अजीबोगरीब घटना घटी। पुलिस ने कार चोरी करने की कोशिश कर रहे एक शख्स को गिरफ्तार किया है। ओशियो साटो नामक शख्स उस समय गाड़ी चोरी करने का प्रयास कर रहा था, जिस समय पुलिस कार के अंदर बैठी हुई थी। नुमाजू शहर की प्रवक्ता ने बताया कि 23 साल के शख्स को कार चोरी करने के आरोप में रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि वह बहुत ध्यान से कार चोरी कर रहा था। उसका ध्यान नहीं गया कि कार पुलिस की है और अंदर पुलिस अधिकारी बैठे हुए हैं। उन्होंने कहा, 'कार पार्किंग में खड़ी हुई थी। इसी दौरान ये घटना घटी। हालांकि, अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि पुलिसवाले जिस समय गाड़ी के अंदर बैठे हुए थे, उस समय वे पुलिस के कपड़ों में थे या फिर सादी ड्रेस में।

## सऊदी अरब में मिली महिलाओं को कार चलाने की अनुमति

रियाद,(**आरएनएस**)। सऊदी अरब के शासक सलमान बिन अब्दुल अजीज अल सौद ने देश में महिलाओं को कार ड्राइव करने की अनुमति दे दी है। शाही आदेश में मंत्री स्तर की कमिटी का गठन करने कहा गया है जो 30 दिन के भीतर सुझाव पेश करेगी और जून 2018 तक इस आदेश को पारित किया जाएगा। हालांकि, आदेश में कहा गया है कि यह शरिया मानकों के मुताबिक होगा। सऊदी के विदेश मंत्रालय ने ट्विटर पर इसकी घोषणा की। इसने लिखा, 'सऊदी अरब ने महिलाओं ड्राइव करने की अनुमति दे दी है।' महिलाओं के कार चलाने पर प्रतिबंध को सामाजिक मुद्दा माना जाता रहा है, क्योंकि धर्म और कानून में ऐसे किसी प्रतिबंध का


File Photo

उल्लेख नहीं है। वर्षो से इस मुद्दे पर सरकार, मीडिया और समाज के बीच बहस चलती रही है। इस प्रतिबंध को लेकर विश्वभर में सऊदी अरब को आलोचना झेलनी पड़ी है। इधर, सऊदी के शासक सलमान के कदम का अमेरिका ने स्वागत किया है। अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता ने कहा, 'हम निश्चित रूप से इसका स्वागत करते हैं। यह देश को सही दिशा में ले जाने के लिए बेहतरीन कदम है।

## आमरण अनशन - एक दिन और बीता, नहीं आया अब-तक शासन से कोई आश्वासन!

**न्यायसाक्षी@रायगढ़।** स्थानीय बोईरदादर चौक पर बोईरदार से शालिनी स्कूल, इंदिरा विहार गार्डन चिड़ीपाल कॉलोनी से ऐश्वर्य कॉलोनी केलोपुल तक की सी.सी. रोड एवं डामर रोड मय नाली अविलंब बनाने की मांग को लेकर अनिश्चित कालीन आमरण अनशन करने हेतु संस्थित गणमान्य जनता की मांग हेतु अब तक कोई शासन के कारिंदे ने तबज्जो नहीं दी है। दिनॉक 21.09.2017 से अनवरत



रूप से जारी इस आमरण अनशन में नरेश कंकरवाल, नवीन,रूकमणी यादव,सुनीता धारीवाल,राजकुमारी कुलदीप,सावित्री यादव, पुष्पादेवी सिंह के साथ समस्त बोईरदादर निवासी, स्कूली बच्चे, उनके पालक, एवं सामाजिक कार्यकर्तागण जुड़े हुए हैं। इस सम्बंध में



न्यायसाक्षी ने अधिकारियों से सम्पर्क साधने का प्रयास किया जो कि नहीं हो सका।



**हमारी मांग ये है कि ये जनहित से जुड़ी हुयी मूलभूत आवश्यकता है, इसे पूरा करना शासन की जिम्मेदारी है। नवीन गोयल**

## पाकिस्तान में टमाटर के भाव 300 रुपये किलो तक पहुंचे

पाकिस्तान,(**आरएनएस**)। पाकिस्तान का घरेलू बाजार में काफी दिनों से टमाटर की किल्लत झेल रहा है। हर वर्ष मांग और आपूर्ति के अंतर को भारत से टमाटर आयात के जरिए पूरा किया जाता है। लेकिन सीमापार से देश में आयात की खेप पर रोक लगाने के देश के कई हिस्सों में यह 300 रुपये प्रति किलो तक बिक रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थानीय विक्रेताओं को मौजूदा समय में सिंध प्रांत के उत्पादों के बाजार में आने का इंतजार है। हालांकि सिकंदर हयात ने कहा है कि पाक में टमाटर और प्याज का संकट कुछ दिनों में ही खत्म हो जाएगा क्योंकि बलूचिस्तान में इनकी फसलें पकने वाली हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पाकिस्तान सरकार भारत से सब्जियां इम्पोर्ट नहीं करेगी। खबर के अनुसार टमाटर की कीमतें लाहौर और पंजाब प्रोविंस में आसमान छू रही हैं। कुछ दिनों पहले तक यहां टमाटर 100-120 रुपये प्रति किलो बिक रहा था। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक सरकार ने इसकी कीमत 132-140 रुपये प्रति किलो के बीच फिक्स कर दी थी, इसके बावजूद ऐसे हालात हैं। गौरतलब है कि लाहौर चैंबर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्री ने सिकंदर हयात के इस बयान की तारीफ की है कि सरकार भारत से टमाटर इम्पोर्ट नहीं करेगी। इंडस्ट्री का कहना है कि इस कदम से लोकल किसानों को राहत मिलेगी और पाकिस्तार का फॉरेन एक्सचेंज भी बचेगा।

## 3.5 लाख में बिकी हिटलर की हाफपैंट

अमेरिका,(**आरएनएस**)। एक ऑक्शन के दौरान जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर द्वारा पहना हुआ शॉर्ट्स यानी हाफ पैंट 5,000 डॉलर में बिका। भारतीय रुपये में इसकी कीमत लगभग होगी 3,18,925 रुपये होगी। अगर आप से इतने मंहगे पहने हुए हाफ पैंट को खरीदने के लिए कहा जाए तो शायद आप ना ही कहेंगे पर बात जब एडोल्फ हिटलर की हो तो कोई भी इसे लेने के लिए तैयार हो जाएगा। 1938 में हिटलर ऑस्ट्रिया के पार्क होटल ग्रेज होटल में रुका था। जहां वो अपना यह हाफ पैंट छोड़ गया था। पार्कहोटल ग्रेज के मालिक के ग्रांडसन ने बताया कि 1938 में 3 से 4 अप्रैल के बीच हिटलर यहीं रुका था।


CAREER SCHOOL

Topper Students




Admission Open
Behind Stadium Raigarh C.G.



समस्त क्षेत्रवासियों को नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं
बालेश्वर प्रसाद चंद्रा
पूर्व सरपंच ग्राम बरतुंगा, जॉजगीर चाम्पा छ0ग0







न्यायसाक्षी समाचार-पत्र की

खरसिया,सारंगढ़, पुसौर, तमनार,घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में ऐजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें

श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.

** English Medium Study** Since 1996
!! जानिए एवं सोचिए!!
IIT=AIPET=AIIMS=CA=CPT
जैसे Exam हेतु सभी को बराबर अवसर
फिर चाहे कोई भी 12th बोर्ड –
जैसे ICSE/CBSE or CGBSE .... हो
CGBSE में पढाई अच्छी लेकिन सस्ती !!
फिर क्यों ज्यादा खर्च करें !!
आईये...We Build CAREER...
:: प्रवेश प्रारंभ ::
Nursery to 11th-12th this Year
CAREER SCHOOL
English Medium
Best Teachers and Best Educations with Activities
Behind Stadium Street, Raigarh, C.G.

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
कैरियर स्कूल के पास, श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे रायगढ़ (छ.ग.)
सम्पर्क करें- 9301915303, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org

सामाजिक न्याय संघ
शासन से मान्यता प्राप्त
Registered with Govt. No. 5526
अधिकार से न्याय तक
क्या आपको लगता है कि सभी को जीने का समान अधिकार होना चाहिए और प्रत्येक पीड़ित मानव की भरसक सहायता की जानी चाहिए, तो, आईये हमारे साथ, हम सब मिलकर एक अच्छे समाज का निर्माण करें।
छत्तीसगढ़ राज्य के समस्त जिले, तहसील, विकास खण्ड अथवा किसी भी ग्राम में रहने वाले किसी भी व्यक्ति को यदि किसी भी प्रकार की न्यायिक, गैर-न्यायिक, सामाजिक, राजनीतिक या गैर- राजनीतिक समस्या हो, तो समस्या को सुलझाने एवं न्याय प्राप्ति हेतु आवेदन आमंत्रित हैं।
हमारी उपलब्धियां



आवश्यकता है

शासकीय मान्यता प्राप्त संघ में ऊर्जावान कर्मठ पदाधिकारियों एवं सदस्यों की आवश्यकता है। जो भी इस संस्था से जुड़कर कार्य करना चाहते हों वे अपने समस्त बायोडाटा के साथ सामाजिक न्याय संघ के निम्नांकित कार्यालय में संपर्क कर सकते हैं।

| क्र. | स्थान | पद |
|---|---|---|
| 1 | रायगढ़ जिला एवं समस्त ब्लॉक | 45 |
| 2 | सरगुजा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 35 |
| 3 | जशपुर जिला एवं एवं समस्त ब्लॉक | 40 |
| 4 | कोरबा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 25 |
| 5 | जांजगीर-चांपा जिला एवं समस्त ब्लॉक | 50 |

व्ही.टी.पी. कार्यालय : श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास रायगढ़ (छ.ग.)
प्रधान कार्यालय : रवि सदन, रवि विहार बस्तर बाड़ा रायपुर (छ.ग.)
सम्पर्क करें-9589876400, 9039961090
E-mail ID- sjunion28@gmail.com website : www.sjunion.org


स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO.-CHHHIN16931